रेल-रोड-एयर कनेक्टिविटी में कोटा को अग्रणी बनाएंगेः लोकसभा अध्यक्ष

***

लोकसभा अध्यक्ष और रेल राज्य मंत्री ने किया सोगरिया स्टेशन-मेमू ट्रेनों का शुभारंभ

***

कोटा, 5 जनवरी, 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और रेल राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश ने बुधवार को सोगरिया रेलवे स्टेशन का लोकार्पण और मेमू ट्रेनों का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि रेल, रोड और एयर कनेक्टिविटी में कोटा को देश का अग्रणी शहर बनाएंगे।

कोटा संभाग को काफी समय से मेमू ट्रेन सुविधा और सोगरिया स्टेशन के लोकार्पण का इंतजार था। नया वर्ष यह दोनों सौंगातें लेकर आया और जनता की दोनों मांगे नए वर्ष के पांचवें ही दिन पूरी हो गईं स्टेशन के लोकार्पण और मेमू ट्रेनों का शुभारंभ के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष   ने कहा कि कोटा को सभी प्रदेशों, महानगरों और प्रमुख शहरों से कनेक्ट करने के लिए हम नई ट्रेनों और रेल मार्गों की संभावना तलाश रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे बनने के बाद दिल्ली, मुम्बई, सूरत, बड़ौदा, उज्जैन, जयपुर, रतलाम जैसे शहरों की दूरी आधी रह जाएगी। एक्सप्रेसवे के चलते कोटा संभाग में लॉजिस्टिक उद्योग का विकास होगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे सामाजिक आर्थिक बदलाव का सूत्रधार बनेगा। कोटा को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य भी इसी वर्ष प्रारंभ हो जाएं।

मार्च में शुरू होगा कोटा-डकनिया का कार्य

***

श्री बिरला ने कहा कि कोटा और डकनिया तलाव स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने की रूपरेखा तैयार हो गई है। संभावना है कि इसी वर्ष मार्च में हम 260 करोड़ से अधिक की लागत से दोनों स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास करेंगे। डकनिया स्टेशन पर यात्रियों को लंबी दूरी की गाड़ियों की सुविधा मिलेगी। दोनों स्टेशनों पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। कोटा-बूंदी के छोटे स्टेशनों के विकास तथा वहां रहने वाले नागरिकों के जीवन को सरल बनाने के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं।

जनभावनाओं के अनुरूप होगा विकास

***

उन्होंने कहा कि यहां का विकास जनभावनाओं के अनुरूप होगा। हम कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ को सम्मिलित कर पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाएंगे। यहां नए उद्योगों की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। कोटा आईटी का प्रमुख केंद्र बनने की सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है।

हमारी कोशिश होगी कि कोटा का ट्रिपल आईटी भवन बनने के बाद यहां से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कोटा में ही रोजगार मिले।

सोगरिया स्टेशन का लोकार्पण करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने स्टेशन का निरीक्षण किया। स्टेशन के शानदार प्रवेश द्वार, फसाड लाइट्स, स्टेशन पर लगी कोटा के पर्यटन स्थलों की तस्वीरों, सेल्फी पाइंट, वेटिंग हॉल की सुविधा की उन्होंने प्रशंसा की।

स्पीकर बिरला ने कहा कि सोगरिया स्टेशन पुरातन संस्कृति की झलक और आधुनिक तकनीक का समावेश लिए सोगरिया रेलवे स्टेशन लोगों को एक नई अनुभूति देगा।